

आकर्षक आतिशबाजी, भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

पंजाबी दशहरे में उमड़ा जनसैलाब

श्रीराम के अग्निबाण से धू-धू कर जले रावण-कुंभकर्ण के पुतले

जबलपुर। संस्कारधानी जबलपुर में 74वें ऐतिहासिक पंजाबी दशहरा महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास, भव्यता और धार्मिक आस्था के साथ किया गया। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, ग्वारीघाट स्थित पंजाबी दशहरा मैदान में आयोजित महोत्सव में हजारों की संख्या में श्रद्धालु एवं शहरवासी शामिल हुए। जैसे ही भगवान श्रीराम ने अपने अग्निबाण से रावण और कुंभकर्ण के 75-75 फुट ऊंचे विशालकाय पुतलों का दहन किया, पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। रंग-बिरंगी आतिशबाजी से जगमगाते आसमान के बीच बुराई पर अच्छाई, अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश जन-जन तक पहुंचा। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इस ऐतिहासिक महोत्सव को लेकर शहरवासियों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। आयोजन स्थल पर उमड़ी भीड़ का आलम यह था कि अनेक दर्शक दोपहर चार बजे से ही पहुंचकर अपनी जगह सुरक्षित कर चुके थे। शाम होते-होते पूरा मैदान श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया और आसपास के क्षेत्रों में भी लोगों की भारी भीड़ नजर आई।





पूजन-अर्चना के साथ हुआ शुभारंभ

महोत्सव का शुभारंभ भगवान श्रीराम की विधिवत पूजन-अर्चना के साथ हुआ। कार्यक्रम में परम पूज्य श्रीमद् जगद्गुरु डॉ. स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज के आशीर्वचन प्राप्त हुए। ब्रह्म ऋषि मिशन समिति की अध्यक्ष परम पूज्य साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने विजयादशमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज में स्वार्थपूर्ति के लिए किसी भी हद तक जाने की प्रवृत्ति को समाप्त करना आवश्यक है। रावण दहन का वास्तविक संदेश अपने भीतर की बुराइयों, अहंकार और नकारात्मक प्रवृत्तियों का अंत करना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि सहित अन्य गणमान्य जन शामिल हुए। पंजाबी हिन्दू एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश ग्रोवर, कार्यक्रम संयोजक एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्व वित्त मंत्री तरुण भनोत तथा संरक्षक नरेंद्र पाल मलिक मंचासीन रहे।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां

दशहरा महोत्सव में धार्मिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद अखिलेश पटेल के निर्देशन में आदि देव कला संस्थान के कलाकारों ने राजस्थानी दुर्गा भजन एवं हनुमान भजन की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं। नवरंग कथक कला केंद्र के निर्देशन में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंतरराष्ट्रीय श्याम बैंड ने भक्तिमय एवं धार्मिक धुनों से वातावरण को राममय बना दिया। इसके बाद सूफी कथक, दिव्य रामायण कथा और सामूहिक पंजाबी भांगड़ा एंड पार्टी की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तालियों की गड़गड़ाहट और उत्साहपूर्ण जयकारों से पूरा आयोजन स्थल गुंजायमान रहा।

भव्य शोभायात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

महोत्सव की भव्य शोभायात्रा ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। पुष्पों से सुसज्जित रथ पर भगवान श्रीराम एवं अनुज लक्ष्मण के स्वरूप विराजमान थे, जबकि भक्त हनुमान गदा लेकर नृत्य करते हुए आगे चल रहे थे। शोभायात्रा में रंग-बिरंगी डिस्को लाइटें, ढुलढुल घोड़ी, श्याम बैंड दल और नृत्य करते घोड़ों ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। रामायण के प्रसंगों की जीवंत झलक ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। हनुमान जी द्वारा अशोक वाटिका में फल खाने और वाटिका तहस-नहस करने के प्रसंग का मंचन भी आकर्षण का केंद्र रहा। इसके बाद भगवान श्रीराम के रथ ने मैदान की परिक्रमा की और वह ऐतिहासिक क्षण आया, जिसका हजारों लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

भगवान श्रीराम का आदर्श जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत : तरुण भनोत

कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व वित्त मंत्री श्री तरुण भनोत ने अपने उद्बोधन में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन संपूर्ण समाज के लिए आदर्श और प्रेरणास्रोत है। वर्तमान समय में व्यक्ति के व्यवहार और विचारों में प्रवेश कर रही बुराइयों को दूर करने की आवश्यकता है। दशहरा हमें आत्ममंथन कर अपने भीतर की नकारात्मक प्रवृत्तियों को समाप्त करने की प्रेरणा देता है। एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश ग्रोवर ने सफल आयोजन पर सभी सहयोगियों एवं सहभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन की व्यवस्थाओं, शोभायात्रा की तैयारियों, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अतिथियों के स्वागत में एसोसिएशन के सचिव श्री राजीव ओबेरॉय, मीडिया प्रभारी श्री उमेश शर्मा 'पप्पू', अंशुल मलिक, इंदर बिरमानी, पंकज सेठी, सुधीर मेहता, सुशील आनंद, संजय अरोरा, रघुवर कपूर, सुनील बहल, धन्वंतराय सेठी, भरत कपूर, उमेश खुराना, नरेंद्र धमीजा, गुलशन मखीजा, नीरज बयोत्रा, प्रदीप वाधवा, दीपक चंडोक, डॉ. सुमित कुमार, आशीष खुराना, मनीष वर्मा, रोहन दीवान, संजीव मलिक, अंशुल कोहली, अंबर पुंज, मनमोहन कोचर, संदीप सेठी एवं कुशाग्र राजपाल सहित अनेक सदस्यों का सहयोग रहा। वहीं महिला समिति की श्रीमती उषा खुराना एवं सचिव श्रीमती किरण नारंग सहित नवयुवक मंडल के सदस्यों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भव्य आयोजन, उमंग से भरे सांस्कृतिक कार्यक्रम और हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच 74वां पंजाबी दशहरा महोत्सव धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का संदेश देकर संपन्न हुआ। रावण-कुंभकर्ण के पुतलों का दहन केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त बुराइयों को मिटाकर सत्य, सदाचार और मर्यादा के मार्ग पर चलने का संकल्प भी बना।

जीआरपी जबलपुर की कार्रवाई, दो मोबाइल और 800 रुपये सहित 30,800 रुपये का मशरूका बरामद

ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



जबलपुर। जीआरपी जबलपुर ने अगरतला स्पेशल ट्रेन में महिला यात्री का पर्स चोरी करने के मामले में आरोपी रिंकू निषाद (35), निवासी गढ़ा, जबलपुर को गिरफ्तार किया है। थाना जीआरपी में अपराध क्रमांक 523/26, धारा 304(2) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज है। पुलिस के अनुसार, महिला के पर्स में दो मोबाइल फोन और नकदी रखी थी। पूछताछ में आरोपी ने मोबाइल फोन ओएलएक्स ऐप के माध्यम से बेचने और रकम खर्च करने की बात स्वीकार की। पुलिस ने चोरी की नकदी में से 800 रुपये बरामद किए। दोनों मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत 30 हजार रुपये है। मोबाइल बेचने में इस्तेमाल की गई माँ अम्बे मोबाइल शॉप की रसीद क्रमांक 116 भी संदिग्ध पाए जाने पर जब्त की गई है। मामले में रसीद की सत्यता और चोरी के मोबाइल की खरीद-फरोख्त की जांच जारी है। यह कार्रवाई थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के निर्देशन में हेड कांस्टेबल रविकांत, अरुण तिवारी, परशुराम, मनोज मिश्रा एवं गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका से की गई। जीआरपी ने रेल यात्रियों के सामान की चोरी और चोरी के माल की खरीद-फरोख्त पर अंकुश लगाने के लिए प्रभावी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

होमगार्ड सैनिक का मोबाइल लूटकर भागा बदमाश

जबलपुर। सिविल लाईन थाना अंतर्गत होमगार्ड में दरीखाना में ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड सैनिक का मोबाइल अज्ञात स्कूटर सवार ने लूट लिया। हाईकोर्ट के गेट नंबर एक के सामने इस वारदात के बाद आरोपी भाग गए। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। सिविल लाईन पुलिस ने बताया कि रविवार की रात होमगार्ड सिहोरा अंबा बिहार कालोनी निवासी सैनिक नरेन्द्र चौबे रविवार की रात 10 बजे दरीखाना कैंप ड्यूटी के बाद सिहोरा जाने के लिए स्टेशन जा रहा था, रास्ते में हाईकोर्ट गेट नम्बर 1 के पास पहुंचा। लगभग 6-30 बजे एक एक्सिस स्कूटी का चालक उसके सामने आकर रास्ता रोककर उस पर स्कूटी चढ़ाने की धमकी देकर उसे डरा धमका कर उसके हाथ में लिये हुये मोबाइल लूटकर स्कूटी से कलेक्ट्रेट चौराहे तरफ भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 126(2), 309(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

भवन का निर्माण आगामी दो वर्षों में पूर्ण करने का लक्ष्य है

जेईसी के नए भवन से विद्यार्थियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

जबलपुर। लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कंप्यूटर साइंस पाठ्यक्रम के लिए नए भवन का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज का गौरवशाली इतिहास रहा है। इस संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर अनेक प्रतिभाओं ने देशभर में जबलपुर का नाम रोशन किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान भविष्य में भी अपनी उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा को आगे बढ़ाता रहेगा। यह भवन विद्यार्थियों को आधुनिक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जबलपुर में महाकौशल प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की स्थापना की पहल शहर के विकास और तकनीकी शिक्षा के विस्तार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे जबलपुर को तकनीकी शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाने के साथ उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप पाठ्यक्रम संचालित करने के अवसर भी मिलेंगे।

उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक संस्थानों और आधुनिक अधोसंरचना के विकास से न केवल जबलपुर, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे सकारात्मक बदलावों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मध्यप्रदेश की शैक्षणिक प्रगति में जबलपुर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से भवन का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने का आग्रह किया गया, ताकि यह भवन संस्थान की पहचान बने और विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में विधायक श्री अशोक रोहाणी ने कहा कि लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के प्रयासों से जबलपुर में विकास कार्यों को गति मिली है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में शहर को विकास के नए स्वरूप में देखने का अवसर मिलेगा।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं लोक निर्माण मंत्री श्री सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कैंट विधानसभा क्षेत्र में महाकौशल तकनीकी विश्वविद्यालय की स्थापना की घोषणा भी जबलपुर और महाकौशल क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण सौगात है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन व कन्या पूजन से किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन, जेईसी के प्राचार्य राजीव चांडक सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षाविद्, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी, प्राध्यापक, विद्यार्थी एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

सिहोरा से 14 वर्षीय छात्र बालक लापता

सिहोरा। वार्ड नम्बर 19 इमलहापुरा में निवासी संस्कार चौधरी पिता अशोक चौधरी उम्र 14 बर्ष दिनाक 18.10.26 को शाम करीबन 04:00 बजे से लापता है। संस्कार की मां से प्राप्त जानकारी के अनुसार परिजनो ने आसपास देखा नहीं मिला उसके बाद लोगो ने आसपास एवं रिश्तेदारी में पता किय नहीं मिलने पर सिहोरा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।पुलिस ने गुम इंसान102/26 कायम कर गुमशुदा छात्र की तलाश प्रारंभ कर दी है। संस्कार कत्था कलर की टीशर्ट,लोवर पहना है तथा रंग गेहुंआ है तथा आठवीं कक्षा का छात्र है एवं संदीपनी विद्यालय में अध्यनरत है।

संजीवनी से लौटे लक्ष्मण के प्राण, राम के बाणों से कुंभकरण का वध

जबलपुर। श्री रामलीला समिति गढ़ा जबालीपुरम के सिद्ध मंच पर लक्ष्मण की मूर्छा दूर होने, कुंभकरण वध और मेघनाद वध की लीलाओं का प्रभावशाली मंचन किया गया। हनुमान जी संजीवनी बूटी के लिए द्रोणागिरि पर्वत उठा लाए, जिससे लक्ष्मण की चेतना लौटी। इसके बाद श्रीराम ने कुंभकरण का वध किया, जबकि लक्ष्मण ने मेघनाद का अंत किया। मंचन के दौरान जय श्रीराम के जयकारे गूंजते रहे। समिति के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। समिति द्वारा 21 अक्टूबर 2026 को विजयादशमी चल समारोह निकाला जाएगा। यह गौतम मढ़िया से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए त्रिपुरी चौक पहुंचेगा। इसके बाद गढ़ा रामलीला मैदान में रावण वध की लीला होगी। समिति ने श्रद्धालुओं से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।



दशहरा चल समारोह के लिए ट्रैफिक प्लान जारी

जबलपुर। दशहरा पर्व पर 20 अक्टूबर को निकलने वाले मुख्य चल समारोह को देखते हुए जबलपुर यातायात पुलिस ने शहर की यातायात व्यवस्था का विस्तृत प्लान जारी किया है। मुख्य चल समारोह के दौरान तीन पत्ती चौक से लेकर मढ़ाताल, मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, सराफा, मिलौनीगंज और हनुमानताल होते हुए विसर्जन स्थल तक के मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यातायात डायवर्जन की व्यवस्था शाम 5 बजे से चल समारोह की समाप्ति तक लागू रहेगी। रांझी क्षेत्र में निकलने वाले चल समारोह के लिए भी अलग से यातायात व्यवस्था निर्धारित की गई है।

इन मार्गों से निकलेगा मुख्य चल समारोह-मुख्य चल समारोह कॉर्पोरेशन चौक (तीन पत्ती चौक) से प्रारंभ होकर मढ़ाताल तिराहा, मालवीय चौक, सुपर मार्केट, लॉर्डगंज थाना तिराहा, घमंडी चौक, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, सराफा चौक, थाना कोतवाली, राजा रसगुल्ला, मिलौनीगंज, घोड़ा नक्काश और हनुमानताल होते हुए विसर्जन स्थल पहुंचेगा। पूरे जुलूस मार्ग पर यातायात बल तैनात रहेगा और आवश्यकतानुसार वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा।

इन रास्तों से गुजरेंगे वाहन- छोटी लाइन फाटक से आने वाले वाहनः बड़े और मध्यम वाहन ब्लूम चौक की ओर नहीं जा सकेंगे। इन्हें बंदरिया क्रॉसिंग, कपूर क्रॉसिंग और मेडिकल की ओर जाने का विकल्प रहेगा। ब्लूम चौक से तीन पत्तीः चल समारोह की तैयारी के बाद इस मार्ग पर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। वाहन जबलपुर हॉस्पिटल से रसल चौक होकर स्टेशन की ओर अथवा आदित्य अस्पताल, मानस भवन, रानीताल और लेबर चौक होकर दीनदयाल की ओर जा सकेंगे।गढ़ा और मदनमहल जाने वाले वाहनः हाईकोर्ट और कलेक्ट्रेट कार्यालय की ओर से आने वाले वाहन पुल नंबर-4 और गोरखपुर होकर जा सकेंगे।

गोरखपुर से आधारतालः वाहन छोटी लाइन फाटक, दशमेश द्वार, मदनमहल अंडरब्रिज, रानीताल चौक और लेबर चौक होकर जा सकेंगे। मुख्य जुलूस मार्ग से जुड़े चौराहों और तिराहों पर भी आवश्यकतानुसार वाहनों को डायवर्ट किया जाएगा।

रांझी में भी रहेगा यातायात प्रतिबंध- रांझी क्षेत्र का चल समारोह बड़ा पत्थर, मस्ताना चौक, दर्शन तिराहा, भेमोरी तिराहा, जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज और व्हीकल मोड़ से होकर निकलेगा। इस दौरान जुलूस मार्ग पर वाहनों का प्रवेश रोका जाएगा। वेस्टलैंड खमरिया से रांझी की ओर मध्यम और भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। व्हीकल मोड़ से रांझी जाने वाले वाहनों को आधारताल की ओर डायवर्ट किया जाएगा। इसी प्रकार आधारताल से व्हीकल मोड़ की ओर आने वाले वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों से निकाला जाएगा।

यातायात पुलिस की अपील- यातायात पुलिस ने संस्कारधानी के नागरिकों से अपील की है कि दशहरा मुख्य चल समारोह के दौरान निर्धारित प्रतिबंधित मार्गों का उपयोग करने से बचें। आवागमन के लिए फ्लाईओवर और वैकल्पिक मार्गों को प्राथमिकता दें, ताकि श्रद्धालुओं को असुविधा न हो।

श्री भवानी प्रसाद साहू मां भवानी के पुण्य का संयोग

जबलपुर। आजादी के बाद जब शहर में लिखने पढ़ने की संस्कार नये परिवेश की तलाश कर रहे थे और अखबारों की दुनिया भी धारा शहर से दूर महानगरों तक सीमित थी तब जागरूक, शिक्षित और जिज्ञासुजनों को देश और दुनिया से जोड़ने का काम उस दौर के जिस सुविख्यात युवक ने किया, वे श्री भवानी प्रसाद साहू थे। कर्मठ पिता स्व. मूलचंद साहू ने उन्हें इस दौर की सर्वश्रेष्ठ शिक्षा के संस्कार दिए। भवानी कक्का के नाम से चर्चित स्व. भवानी प्रसाद साहू को शहर में समाचार पत्रों की संस्कृति का जनक कहा जा रहा है। उद्यमशील श्री साहू ने एक सपना देखा था, जिसमें उनके लिये न केवल असीम संभावनाएं थीं बल्कि शिक्षित समाज को बौद्धिक तरक्की के साधन भी उपलब्ध कराना था। उस दौर में जब राष्ट्रीय समाचार पत्र पत्रिकायें दूर की बात थी परिवहन के साधन सीमित थे। ऐसे समय में श्री साहू ने देश के प्रमुख समाचार पत्र संचालकों से सीधे संपर्क कर उनका विश्वास अर्जित किया। हजारों मील दूरी से एक दम सीमित परिवहन संपर्क के बावजूद अखबार और पत्र पत्रिकायें कम समय में उपलब्ध कराई। वे स्वयं मुंबई गये जहां वितरण व्यवस्था का अध्ययन किया। बुनियाद से उठकर अखबार वितरण का सशक्त नेटवर्क स्थापित किया जो उनके पुत्र अशोक साहू, सुनील साहू, संजय साहू एवं सतीश साहू आज भी धर्मभाव के साथ संचालित कर रहे हैं। यह विलक्षण संयोग है कि दुर्गा पर्व अष्टमी 3 अक्टूबर 1931 को जन्में कक्का जी का नामकरण उनकी माता श्रीमती तेजाबाई ने भवानी ही रखा। वे अष्टमी को जन्में और 26 अक्टूबर 2001 की विजयादशमी को चिर निद्रा में लीन हो गये। शहर के चारों ओर ही नहीं आसपास के जिलों में देश की तमाम पत्र-पत्रिकायें भेजने के लिये एक ऐसे शानदार शोरूम की स्थापना की जहां आज देशी विदेशी विद्या की दुर्लभ सामग्री उपलब्ध हो जाती है।

सराफा बाजार से रांझी तक किया भ्रमण, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यातायात और सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा, पुलिसकर्मियों का बढ़ाया उत्साह

नवरात्र में सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर, देर रात तक सड़क पर उतरे कलेक्टर-पुलिस कप्तान

हरिभूमि, जबलपुर।

नवरात्र पर्व के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम यातायात और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में सोमवार देर शाम कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा और पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर यातायात एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों का यह निरीक्षण देर रात तक जारी रहा।

भ्रमण के दौरान कलेक्टर और एसपी सराफा बाजार, नुनहाई, सुनरहाई, गढ़ा फाटक सहित उपनगरीय क्षेत्र रांझी पहुंचे। इन क्षेत्रों में नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आवाजाही रहती है। ऐसे में अधिकारियों ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा प्रबंधों और यातायात व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।



पुलिसकर्मियों का बढ़ाया मनोबल

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर और पुलिस कप्तान ने विभिन्न स्थानों पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से मुलाकात की। उन्होंने पर्व के दौरान पूरी सतर्कता, जिम्मेदारी और कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने वाले पुलिसकर्मियों की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद रहकर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया, ताकि श्रद्धालुओं को दर्शन के दौरान अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

देर रात तक जारी रही निगरानी

नवरात्र के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में यातायात का दबाव बढ़ जाता है। इसे देखते हुए कलेक्टर और कप्तान का देर रात तक भ्रमण करना प्रशासन की सक्रियता को दर्शाता है। त्योहार के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं, ताकि श्रद्धालु सुरक्षित माहौल में मां दुर्गा के दर्शन कर सकें और पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो।

नाम परिवर्तन एवं जन्मतिथि सूचना

I, LAKSHMIPRIYA SAHU is legally Mother of ARMY NO- 15737961X, Rank SIGMN, Name PRADYUMNA KUMAR SAHOO presently residing at Vill- BADARAMPAS, POST-BADARAMPAS, P.S- NANDIPADA, Distt - KEONJHAR, शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि SABITRI SAHOO & 01-06-1970 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एंव अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि LAKSHMIPRIYA SAHU/ 19-04-1969 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम एंव जन्मतिथि को पढा व सुना एंव मेरे बेटे के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए । द्वारा शपथ पत्र न.79AA 497223 दिनांक 14-10-26 नोटरी आनंदपुर ।

गलत नाम एवं जन्मतिथि
SABITRI SAHOO / 01-06-1970
सही नाम एंव जन्मतिथि
LAKSHMIPRIYA SAHU/19-04-1969

25वीं पुण्यतिथि

जन्म 3 अक्टूबर 1931



मृत्यु 26 अक्टूबर 2001

स्व. श्री भवानी प्रसाद साहू

आपकी मधुरा स्मृति, स्नेह, आदर्श, मार्गदर्शन, अपार प्यार एवं आशीर्वाद हमारे लिए सदैव प्रेरणादायक रहेगी।
आपकी पुण्यतिथि पर समस्त परिजन भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत्

श्रीमती गौरा बाई साहू (पत्नि), पुत्र-पुत्रवधू- अशोक-शालिनी साहू
सुनील-रीना साहू, संजय-प्रीति साहू, सतीश-नमता साहू, पौत्र- सार्थक,-आर्या
पौत्र-पौत्री- अंकिता, आकाश, सिद्धार्थ, सान्या, समृद्धि, भाई-शिव प्रसाद साहू,
स्व. भगवानदास साहू पुत्री दामाद-शीला-सतीश दिनकर, नीला-सुरेन्द्र साहू

प्रतिष्ठान- साहू न्यूज एजेन्सी, भवानी प्लाजा,
अभिनंदन वेज रेस्टारेंट, सैरेन्डीपिटी वेज रेस्टारेंट
1230, नेपियर टाउन, चौथा पुल, जबलपुर (म. प्र.)

नवरात्र विशेष


युवा एकता मंच महाकाली समिति, इमलिया।


श्री सर्व बंधु दुर्गा उत्सव समिति, देशबंधु कांप्लेक्स कार्तिक होटल के पास।



श्री बजरंग दल दुर्गोत्सव समिति, इमलिया


जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति बजरंग कॉलोनी


शिव शक्ति दुर्गा उत्सव समिति चुंगी चौकी, बी.टी. तिराहा रोड ।


आजाद दुर्गा उत्सव समिति, टी आई टी कॉलोनी कांचघर।


वन विभाग के सामने खितौला


गड़बड़ युवा समिति गौरैया मोहल्ला


जय भवानी कालोनी, खितौला








राम जानकी मंदिर, सरावगी मोहल्ला

गोविंदगंज रामलीला निकालेगी सामयिक और धार्मिक महत्व की झांकियां

जबलपुर का ऐतिहासिक दशहरा चल समारोह आज

जबलपुर। नगर का ऐतिहासिक विजयादशमी दशहरा चल समारोह मंगलवार 20 अक्टूबर को पूरी भव्यता के साथ निकाला जायेगा। गोविंदगंज रामलीला समिति के नेतृत्व में सायं 6 बजे नगर निगम चौक से प्रारंभ होगा। विगत वर्षों की भांति गोविन्दगंज रामलीला समिति इस वर्ष भी मिलौनीगंज छोटा फुहारा से दोपहर 4 बजे प्रारंभ होकर नगर निगम चौक पहुंचेगा। निगम चौक से जुलूस अपने पूर्व निर्धारित मार्ग से परम्परागत तरीके से आगे बढ़ेगा।

2 दर्जन झांकियां निकलेगी

मिलौनीगंज चौराहा, छोटे फुहारे पर पर रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया जायेगा। रामलीला समिति द्वारा दो दर्जन झांकियां निकालने की घोषणा की गई है। रामलीला समिति के अध्यक्ष पं.अनिल तिवारी ने ईएमएस को बताया कि जिनमें राम-रावण की पारम्परिक झांकी होगी। इस वर्ष सांस्कृतिक, धार्मिक और राष्ट्रीय महत्व की झांकियां निकाली जाएगी। राम रावण युद्ध के साथ साथ जेनजी, अमेरिका इजरायल युद्ध, हामुर्ज, सहित कई झांकियां जनाकर्षण का केंन्द्र रहेंगी। इसके अलावा पारंपरिक झांकियां शामिल रहेगी।

आतिशबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध

मुख्य चल समारोह समिति के मुख्य संरक्षक लखन घनघोरिया ने बताया कि चल समारोह के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से आतिशबाजी पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। उन्होंने चल समारोह मार्ग पर भीड़ प्रबंधन करने के साथ साथ सड़कों की सफाई, मरम्मत, विद्युत व्यवस्था के साथ-साथ वाहनों के डायवर्सन प्लान की मांग की है। उन्होंने यह भी कहा है कि आपातकालीन स्थिति में वाहनों की आवाजाही की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की हैं।

जुलूस मार्ग पर व्यवस्थाएं

दशहरा चल समारोह को लेकर नगर निगम और पुलिस प्रशासन द्वारा सभी पर्याप्त इंतजाम किये जाने का दावा किया गया है। नगर निगम द्वारा आज जुलूस मार्ग में साफ सफाई, चूने की लाईन, बैरीकेटिंग की व्यवस्था की जाएगी। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि जुलूस पथ की स्ट्रीट लाईटों को दुरुस्त कर दिया गया है। विसर्जन स्थलों पर भी घाटों की मरम्मत और सफाई करा दी गई है।

शास्त्री नगर से दशहरा जुलूस आज

शास्त्री नगर गढ़ा पुरवा धनवंतरी नगर में विशाल दशहरा जुलूस आज शाम 7 बजे निकाला जएगा। जुलूस में कई आकर्षक झांकियां होंगी। जुलूस में वानर सेना भी चलेगी और भगवान श्रीराम पर हेलीकॉप्टर पुष्प वर्षा भी करेगा। पिछले कई सालों से गढ़ा का विखंडित दशहरा शास्त्री नगर से निकाला जा रहा है।

गढ़ा का दशहरा जुलूस कल

उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा क दशहरा जुलूस गढ़ा रामलीला समिति के नेतृत्व में शाम 7 बजे से बीटी साहब के बंगला से प्रारंभ होगा। गढ़ा क्षेत्र की सभी प्रतिमाएं इस जुलूस में शामिल होंगी, जिनका विसर्जन तिलवारा घाट में होगा।

कांचघर का दशहरा जुलूस कल

कांचघर दशहरा चल समारोह के 21 अक्टूबर बुधवार को रामलीला मैदान जीसीएफ स्टेट से समय 7 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें 12 दुर्गा एवं महाकाली चल समारोह में सम्मिलित होगी। अध्यक्ष राव ने कहा सर्वप्रथम दुलदुल घोड़ी, भगवान भोले का नृत्य, राधाकृष्ण की झांकी एवं राम रावण के युद्ध के साथ विभिन्न प्रकार की झांकियां जुलूस में शामिल होगी।

अधारताल में दशहरा जुलूस कल

उपनगरीय क्षेत्र अधारताल में दशहरा जुलूस कल 21 अक्टूबर को निकाला जाएगा। रद्दी चौकी से जुलूस प्रारंभ होगा और परंपरागत मार्गों से होता हुआ अधारताल पहुंचेगा, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन होगा।

रांझी में जूलूस आज

श्री राधाकृष्ण मंदिर रांझी जबलपुर रामलीला दशहरा चल समारोह एवं रावण दहन समिति के तत्वावधान में श्री राधाकृष्ण मंदिर रांझी बस्ती से आज दोपहर 3 बजे रामलीला दशहरा चल समारोह रात 8 बजे रावण पार्क में 45 फुट ऊंचे रावण का दहन किया जाएगा।

नवरात्र विशेष



मां दुर्गा उत्सव समिति, गौतमजी की मढ़िया



मां अष्टभुजा दुर्गा उत्सव समिति, आमनपुर



श्री महिमा दुर्गा उत्सव समिति, मदन महल



स्वास्तिक मां दुर्गा परिवार, गंगासागर रोड मदन महल




राजराजेश्वरी मां शारदा रानी परिवार



श्री श्री तांत्रिक महाकाली आमनपुर वाली



दुर्गोत्सव समिति, मदन महल



नव युवक अंकुर दुर्गा उत्सव समिति, शुक्ला नगर गढ़ा



जय बजरंग दुर्गा उत्सव समिति, महानद्दा



नवीन दुर्गा उत्सव समिति, गंगासागर



माँ जगत कल्याणी ब्लू स्टार समिति, छोटी लाइन फाटक



न्यू गोरखपुर की सेठानी



दादा ठनठन पाल दुर्गा उत्सव समिति कजरवारा




महाशक्ति काली सेवा समिति, गंगासागर



सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति, ग्राम सालीवाडा



महाकाल की महामाया, गोकलपुर



स्वयं सिद्ध श्री माता मनोकामना पूर्णि, जीआरपी कांचघर

भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं अमेरिका

भारत-यूएस ट्रेड डील पर मार्को रुबियो का बड़ा बयान, जयशंकर से आज बैठक

मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील को लेकर कहा कि इसे जल्दी ही फाइनल कर लेंगे। उन्होंने रूस से तेल-गैस खरीदने के मामले पर भी प्रतिक्रिया दी...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भारत के साथ ट्रेड डील पर बड़ी जानकारी दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि दोनों देश ट्रेड डील को फाइनल करने के करीब पहुंच चुके हैं। रुबियो मंगलवार को मुंबई में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ मुलाकात करेंगे।

रुबियो ने भारत दौरे से पहले कहा, हम इस समय भारत के साथ ट्रेड डील को अंतिम रूप देने की कोशिश कर रहे हैं। हम ऐसा करने के बहुत करीब हैं। रूसी तेल और गैस के मुद्दे पर रुबियो ने कहा कि वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ने वाले असर को देखते हुए अमेरिका को पिछले कुछ महीनों में कई प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी है।

तेल-गैस और ट्रेड डील पर बोले रुबियो


फाइल फोटो

एस जयशंकर और मार्को रोबियो

डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ

रुबियो ने रूस से तेल-गैस खरीदने के मामले पर कहा, पिछले कुछ महीनों में हमें प्रतिबंधों में छूट देनी पड़ी क्योंकि उनका असर वैश्विक आपूर्ति और कीमतों पर पड़ रहा था। हमें इन सभी कारकों का संतुलन बनाना होता है। हम इस समय भारत के साथ व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में हैं और इसके काफी करीब हैं। यही वे पहलू हैं, जिन पर राष्ट्रपति राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी छूट या इसी तरह के फैसले लेते समय विचार करते हैं। भारत और अमेरिका पहले चरण के व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच चुके हैं। हालांकि डेयरी क्षेत्र तक पहुंच का मुद्दा अब भी सबसे बड़ी बाधा बना हुआ है। अमेरिका, भारत के डेयरी क्षेत्र में जगह बनाना चाहता है, लेकिन भारत अभी तक इसके लिए तैयार नहीं है।

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुंबई में यूएई के विदेश मंत्री से करेंगे मुलाकात

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर मुंबई में संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात करेंगे। नई दिल्ली में मीडिया को जानकारी देते हुए विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि इस यात्रा के दौरान भारत और यूएई के बीच विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा की जाएगी। दोनों पक्ष ऊर्जा, व्यापार, निवेश, फिनटेक, रक्षा और संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। जायसवाल ने बताया कि डॉ. जयशंकर कल मुंबई में अमरीका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो के साथ भी वार्ता करेंगे। डॉ. जयशंकर अमरीका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। अमरीकी विदेश मंत्री की यात्रा के दौरान भारत और अमरीका अपने संबंधों की समीक्षा करेंगे और व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा करेंगे।


फाइल फोटो

यूएइई विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद

पोलैंड के पीएम डोनाल्ड टस्क 21 अक्टूबर से भारत दौरे पर आएंगे, प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे वार्ता

पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क 21 से 23 अक्टूबर तक भारत के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रही इस यात्रा के दौरान दोनों देश अपनी रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और व्यापार, निवेश, रक्षा तथा उभरती प्रौद्योगिकियों सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, प्रधानमंत्री टस्क 22 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-पोलैंड संबंधों के सभी प्रमुख पहलुओं की समीक्षा करने के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। अगस्त 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की पोलैंड यात्रा के दौरान दोनों देशों के संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का दर्जा दिया गया था।


फाइल फोटो

पोलैंड के पीएम के साथ नरेंद्र मोदी

खबर संक्षेप

भारत न बांग्लादेश, न फ्रांस, तुलना गलत

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू के सत्ता परिवर्तन कराने के आरोपों का जवाब दिया। थरूर ने कहा कि मेरा मानना है कि भारत बांग्लादेश नहीं है और भारत फ्रांस भी नहीं है। मुझे ये तुलना खास तौर पर प्रासंगिक नहीं लगती। हम फ्रांस में हुई बसों और पुलिस स्टेशनों को आग लगाने जैसी किसी भी हिंसा को कभी सही नहीं ठहराएंगे। हम केवल शांतिपूर्ण प्रदर्शन में विश्वास करते हैं।



कनाडा में दो भारतीय मूल के नेता बने मेयर

ओटावा। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में चुनावों में भारतीय मूल के दो नेताओं ने मेयर पद पर जीत दर्ज की है। भारत में जन्मे हर्षन रामदास फर्नी शहर के नए मेयर चुने गए हैं, जबकि सुरिंदरपाल राठौर ने विलियम्स लेक के मेयर पद पर दोबारा जीत हासिल की है। दोनों नेताओं की जीत ने लोगों की राजनीतिक भागीदारी को चर्चा में ला दिया है।



जम्मू-कश्मीर पर ओआईसी के बयान से भड़का भारत, दिखाया आईना

आईओसी को भारत के आंतरिक मामलों में बोलने का हक नहीं, ये सब पाक प्रायोजित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने ओआईसी की भारत विरोधी टिप्पणियों को खारिज करते हुए पाकिस्तान पर दुष्प्रचार का आरोप लगाया. विदेश मंत्रालय ने कश्मीर, आतंकवाद और संगठन की निष्पक्षता पर सवाल उठाए...

- ***भारत ने ओआईसी के भारत विरोधी संदर्भ खारिज किए***
- ***विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान पर दुष्प्रचार के आरोप लगाए***
- ***कश्मीर, लद्दाख भारत के अभिन्न अंग***

विदेश मंत्रालय ने बगदाद में हुई ओआईसी के विदेश मंत्रियों की बैठक के प्रस्तावों में भारत विरोधी संदर्भों को खारिज किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के खिलाफ की गई टिप्पणियां दुर्भावनापूर्ण, पक्षपातपूर्ण और झूठी हैं। इन्हें पाकिस्तान ने सुनियोजित तरीके से तैयार कराया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ओआईसी ने एक बार फिर पाकिस्तान को अपने कट्टरपंथी एजेंडे के लिए संगठन का दुरुपयोग करने दिया, जो निराशाजनक है।

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ओआईसी को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं।राजनीतिक रूप से प्रेरित दुष्प्रचार इस वास्तविकता को नहीं बदल सकता।


रणधीर जायसवाल

भारत के खिलाफ आरोप मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण

विदेश मंत्रालय ने इस्लामोफोबिया सहित भारत के खिलाफ लगाए गए अन्य आरोपों को मनगढ़ंत और शत्रुतापूर्ण बताया। मंत्रालय के अनुसार, पाकिस्तान अपने यहां अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न, सांप्रदायिक हिंसा, शासन की विफलता और राजनीतिक अस्थिरता से अंतरराष्ट्रीय ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा ह। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के दुष्प्रचार का बार-बार समर्थन करने से ओआईसी की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठते हैं । विदेश मंत्रालय ने उम्मीद जताई कि ओआईसी के सदस्य संगठन में सुधार करेंगे और अधिक जिम्मेदारी से काम करेंगे।

पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला

विदेश मंत्रालय के मुताबिक, अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में आर्थिक विकास हुआ है। बुनियादी ढांचे, पर्यटन और कनेक्टिविटी के विकास से लोगों को सीधे लाभ मिला है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां नागरिक प्रदर्शनकारियों पर हिंसा, दमन और बर्बरता की गई है। इसमें महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि मीडिया पर पाबंदियां लगाने के बावजूद मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन को छिपाया नहीं जा सका। विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जम्मू-कश्मीर से जुड़े लंबित मुद्दे पाकिस्तान का अवैध कब्जे वाले क्षेत्रों से हटना और सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद करना है।

दुशांबे में 19-20 को एससीओ की बैठक

सिंधु संधि पर तनातनी के बीच राजनाथ-डार की मुलाकात होगी

एजेंसी ▶▶ दुशांबे


फाइल फोटो

राजनाथ सिंह और मोहम्मद इशाक डार

ताजिकिस्तान की राजधानी दुशांबे में 19-20 अक्टूबर को आयोजित शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों के बीच दक्षिण एशिया का कूटनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। एक तरफ भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं तो दूसरी तरफ पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार भी एससीओ काउंसिल ऑफ हेड्स ऑफ गवर्नमेंट की बैठक में भाग लेने पहुंचे हैं।

दोनों नेताओं की दुशांबे में मौजूदगी ऐसे वक्त में हो रही है जब सिंधु जल संधि को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच जुबानी जंग और कूटनीतिक तनातनी चरम पर है। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है 'एससीओ के शासनाध्यक्षों की बैठक में संस्कृति, कनेक्टिविटी, अर्थव्यवस्था, नवाचार, निवेश और लोगों के बीच आपसी संबंधों में सहयोग को मजबूत करने पर ध्यान दिया जाएगा। साथ ही वित्तीय और संस्थागत कामकाज में हुई प्रगति की समीक्षा भी की जाएगी।'

सिंधु जल संधि पर भारत का आक्रामक रुख

भारत ने पिछले साल 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद सिंधु जल संधि को सस्पेंडकर दिया था। इसके अलावा पिछले कुछ सालों में भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि में संशोधन और समीक्षा को लेकर पाकिस्तान को सख्त लहजे में कई कूटनीतिक नोटिस भी जारी किए हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लगातार इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद और पानी की बात एक साथ नहीं चल सकती। उन्होंने भारत के रुख को स्पष्ट करते हुए बार-बार संकेत दिया है कि पाकिस्तान के साथ जल-बंटवारे के नियमों पर भारत अब बिना किसी शर्त के झुकने वाला नहीं है। वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत के इन कदमों का भारी विरोध किया है और इसे 1960 की द्विपक्षीय संधि का उल्लंघन करार दिया है।

स्टेडियम में 23 हजार लोग मौजूद थे

अमेरिका में 170 फीट ऊंचाई से गिरकर सैनिक की मौत, रस्सी से उतर रहा था


अलामडोम में फुटबॉल मैच से पहले हादसा

एजेंसी ▶▶ सैन एंटोनियो

अमेरिका के सैन एंटोनियो में एक सैनिक की 170 फीट की ऊंचाई से गिरने की वजह से मौत हो गई। सैनिक अलामडोम स्टेडियम में एक फुटबॉल मैच से पहले रस्सी से उतरने का लाइव डेमो दे रहा था। इसी दौरान उसका बैलेंस बिगड़ गया और वह तेजी से जमीन पर गिर गया। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। हादसे के दौरान स्टेडियम में 23 हजार से ज्यादा दर्शक मौजूद थे। सैनिक की पहचान उजागर नहीं हुई है।

हादसे के समय दर्शक स्टैंड में बैठे थे और मैदान के पास एक बैंड भी मौजूद था। हादसे के बाद मैदान पर करीब 10 मिनट तक जवान का इलाज किया गया। इसके बाद उसे स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि प्रदर्शन के दौरान आखिर क्या हुआ था।

10 मिनट की देरी के बाद शुरू हुआ फुटबॉल मैच

हादसे के बाद भी फुटबॉल मैच रद्द नहीं किया गया। एक न्यूज एजेंसी मुताबिक, करीब 10 मिनट की देरी के बाद मैच शुरू हो गया। यह मैच सेना में काम कर चुके और काम कर रहे सैनिकों के सम्मान में रखा गया था। यह यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास एट सैन एंटोनियो और नेवी के बीच हुआ। यूटीएसए ने घटना पर दुख जताते हुए कहा, "हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित सैनिक, उसके परिवार और सेना में उसके साथियों के साथ हैं।

गणराज्य को कमजोर करने की साजिश

राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा-जिन उपद्रवियों ने आगजनी की, उन पर होगा कठोर एक्शन

हिंसा से 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान हिंसा, तोड़फोड़ और लूटपाट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है। राष्ट्र के नाम संबोधन में उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं गणराज्य को कमजोर करने की कोशिश हैं और दोषियों को जवाबदेह ठहराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने वालों और हिंसा में शामिल लोगों के बीच अंतर करना जरूरी है। फ्रांस के गृह मंत्रालय के अनुसार, करीब 2400 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि हिंसा के दौरान लगभग 1000 पुलिसकर्मी और जवान घायल हुए। कई शहरों में सरकारी इमारतों, दुकानों और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया गया। श्री मैक्रों ने कहा कि सरकार इन घटनाओं की समीक्षा करेगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जरूरी कदम उठाएगी। उन्होंने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और सार्वजनिक व्यवस्था बहाल करने पर जोर दिया। प्रभावित लोगों को तत्काल सहायता देने और नुकसान से उबरने में समुदायों की मदद करने के लिए एक संकट प्रबंधन इकाई बनाने की घोषणा की।

टेक और फाइनेंस वर्ल्ड में खलबली

अमेरिका के करीब 7.2 करोड़ बच्चों को फ्री में 1 शेयर देंगे दुनिया के सबसे रईस व्यक्ति मस्क

एक्स पर पोस्ट शेयर कर जानकारी दी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


एलन मस्क

दुनिया के सबसे रईस आदमी और टेस्ला और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने अगले साल अमेरिका के हर बच्चे को अपनी कंपनी स्पेसएक्स का एक शेयर मुफ्त देने की घोषणा की है। अमेरिकी बच्चों की झोली में अरबों डॉलर के शेयर डालने की इस 'दरियादिली' ने टेक और फाइनेंस वर्ल्ड में खलबली मचा दी है।

एक अनुमान के अनुसार अमेरिका में 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों की कुल संख्या लगभग 7.2 करोड़ है। इसका सीधा मतलब यह है कि मस्क अपनी कंपनी के 7.2 करोड़ शेयर अमेरिकी बच्चों को मुफ्त बांटने जा रहे हैं।

एलन मस्क ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर कर अपने इस निर्णय की जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, अगले साल मैं अमेरिका के हर बच्चे को स्पेसएक्स का एक शेयर दूंगा। विशेषज्ञों का मानना है कि मस्क का यह कदम बच्चों में फाइनेंशियल लिटरेसी बढ़ाने और उन्हें बचपन से ही निवेश व संपदा निर्माण की अहमियत समझाने का एक क्रांतिकारी तरीका हो सकता है।

एंथ्रोपिक ने लोक कल्याण कोष में देने की घोषणा की थी

एलन मस्क के इस कदम की पटकथा सिलिकॉन वैली के एक कड़े कॉरपोरेट मुकाबले ने लिखी है। दरअसल एआई। टूल क्लाउड बनाने वाली कंपनी एंथ्रोपिक के सीईओ डारियो अमोदेई ने अपनी कंपनी की इक्विटी का एक हिस्सा पब्लिक बेनिफिट फंड यानी लोक कल्याण कोष में देने की घोषणा पिछले दिनों की थी। मस्क को यह रास नहीं आया था। मस्क ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अगर दौलत बांटनी ही है तो किसी ट्रस्ट, फाउंडेशन या बिचौलिए के जरिए देने के बजाय सीधे जनता के जेब में डालनी चाहिए। मस्क ने सिर्फ बात नहीं की, बल्कि अपनी बात साबित करने के लिए खुद सीधे आने वाली पीढ़ी को शेयर बांटने का ऐलान कर दिया।

बांग्लादेश में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

12 हजार फीट की ऊंचाई पर खुला दरवाजा, भारतीय महिला की मौत

एजेंसी ▶▶ ढाका


फाइल फोटो

बांग्लादेश में एक भारतीय महिला की मौत हो गई है। दरअसल महिला को ले जा रही एयर एम्बुलेंस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके कारण उड़ान के दौरान ही विमान का दरवाजा आंशिक रूप से खुल गया और उसे बांग्लादेश में आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। यह जानकारी स्थानीय मीडिया के अनुसार है।

रिपोर्ट के अनुसार विमान ढाका के हजरत शाहजलाल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1:40 बजे सुरक्षित उतर गया। विमान में कुल सात लोग सवार थे, जिनमें दो पायलट, एक मरीज, एक डॉक्टर, एक पैरामेडिक और दो अन्य साथी शामिल थे। 'रिपोर्ट के मुताबिक, मरीज की पहचान 56 वर्षीय अंजना भौमिक के रूप में हुई है।

उन्हें कुर्मीटोला मल्टीकेयर स्पेशलाइज्ड अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना होगा

एआई से क्वांटम तकनीक तक हर क्षेत्र में विकास कर रही नौसेना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच व तैनाती, दोनों गतिविधियां बढ़ी

जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मिली मदद

पश्चिम एशिया संकट पर भी रखी नजर


अजय कोचर

भारतीय नौसेना हवा, समुद्र, पानी के भीतर संचालन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और क्वांटम तकनीक तक सभी क्षेत्रों में विकास पर जोर दे रही है। इसका उद्देश्य नौसेना को एक बहुआयामी नेटवर्क आधारित सैन्य बल के रूप में तैयार करना है। नौसेना के उप प्रमुख वाइस एडमिरल अजय कोचर ने सोमवार को यह जानकारी दी। कोचर ने कहा कि नौसेना केवल नई तकनीक अपनाने पर ही काम नहीं कर रही, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रही है कि इन तकनीकों से उसकी परिचालन क्षमता मजबूत हो।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और समुद्री हितों की सुरक्षा में नौसेना की भूमिका से जुड़े सवाल पर कोचर ने कहा कि मौजूदा संकटों के कारण नौसेना की सोच और तैनाती, दोनों स्तरों पर गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्होंने नौसेना के ऑपरेशन ऊर्जा सुरक्षा का भी उल्लेख किया। उनके मुताबिक, इस अभियान के तहत महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों पर हमलों के बीच कई जहाजों को सुरक्षित भारतीय तटों तक पहुंचाने में मदद मिली है।

एआई व स्वायत्त प्रणालियों की बढ़ेगी भूमिका

हाल के संघर्षों से तकनीक के इस्तेमाल के बारे में मिले सबक पर कोचर ने कहा कि इन घटनाओं ने नौसेना के सामने कुछ नई जरूरतों को स्पष्ट किया है। इनमें स्वायत्त प्रणालियों और युद्ध के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इस्तेमाल जैसे क्षेत्र शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य की तैयारियों में मानवरहित विमान प्रणालियों का मुकाबला करने वाली तकनीक यानी काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक भी शामिल हैं। कोचर ने कहा, अगर मैं भविष्य की ओर देखूं, तो इसमें काउंटर-यूएएस और क्वांटम तकनीक का इस्तेमाल भी शामिल है। यह ऐसा क्षेत्र है, जो निकट भविष्य में तेजी से विकसित होगा। हम इन सभी पहलुओं को लेकर पूरी तरह सजग हैं।

तकनीक नौसेना के भविष्य के लिए अहम

नौसेना उप प्रमुख ने कहा कि केवल युद्ध या संघर्ष ही नौसेना के भविष्य की दिशा तय नहीं करते। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बदलती जरूरतों के अनुसार तकनीक को अपनाना और सैन्य क्षमताओं को मजबूत करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।